ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

बुलेटिन संख्या–86
दिनांक: मंगलवार, 10 नवम्बर, 2026

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 30.6 एवं 15.6 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 57 प्रतिशत, हवा की औसत गति 3.4 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 3.3 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 7.0 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 22.4 एवं दोपहर में 30.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।इस अवधि मौसम शुष्क रहा है।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(11–15 नवम्बर, 2026)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 11 से 15 नवम्बर, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमान अवधि के दौरान उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों पर मौसम के शुष्क एवं आसमान साफ रहने की संभावना है।
- इस दौरान अधिकतम तापमान 29–34°C तथा न्यूनतम तापमान 17–21°C के बीच रहने का अनुमान है।
- सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता 70–80% तथा दोपहर के समय 35–40% रहने की संभावना है।
- इस अवधि के दौरान हवा 4–5 किमी प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्वी दिशा से चल सकती है।

समसामयिक सुझाव

- गेहूँ: वर्तमान तापमान गेहूँ की खेती के लिए अनुकूल है। सिंचित एवं समय पर बुआई की स्थिति के लिए अनुशंसित किस्मों में *राजेन्द्र गेहूँ–4* (बायोफोर्टिफाइड), *डी.बी.डब्ल्यू–187*, *एच.डी–2967*, *डी.बी.डब्ल्यू–252* (*आर.आई.*), *डी.बी.डब्ल्यू–222* तथा *राजेन्द्र गेहूँ–3* (बायोफोर्टिफाइड) शामिल हैं। पंक्ति में बुआई के लिए 100 किग्रा तथा छिटकवाँ विधि से बुआई के लिए 125 किग्रा प्रति हेक्टेयर बीज दर की अनुशंसा की जाती है। बुआई की गहराई 5–6 सेमी रखें। बुआई से पहले बीजों को विटावैक्स या बाविस्टिन से 2 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से उपचारित करें। सिंचित एवं समय पर बोई गई गेहूँ के लिए 120 किग्रा नत्रजन, 20 किग्रा स्फुर तथा 40 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से उर्वरकों का प्रयोग करें। नत्रजन की आधी मात्रा तथा स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुआई के समय आधार उर्वरक के रूप में दें। शेष आधी नत्रजन को दो बराबर भागों में बाँटकर प्रयोग करें। इसकी पहली मात्रा पहली सिंचाई के बाद तथा दूसरी मात्रा गाभा अवस्था में दें।
- आलू: वर्तमान मौसम आलू की बुआई करने के लिए अनुकूल है। अनुशंसित किस्में *कुफरी ख्याति, कुफरी पुखराज, कुफरी ज्योति, कुफरी लोहित* एवं *कुफरी नीलकंठ* हैं। बुआई के लिए 30–40 ग्राम वजन वाले स्वस्थ बीज कंदों का प्रयोग 25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर अथवा 40–50 ग्राम वजन वाले कंदों का प्रयोग 30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से करें। बुआई से पहले बीज कंदों को मैंकोजेब से 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से उपचारित करें। 20–25 टन गोबर की खाद तथा 150 किग्रा नाइट्रोजन, 90 किग्रा फॉस्फोरस एवं 100 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग लाभदायक है। गोबर की खाद, फॉस्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा तथा नाइट्रोजन की आधी मात्रा बुआई के समय डालें। शेष आधी नाइट्रोजन बुआई के लगभग 30 दिन बाद मिट्टी चढ़ाते समय दें। गोबर की खाद के साथ एजोटोबैक्टर एवं फॉस्फेट घुलनशील जीवाणु (PSB) जैसे जैव उर्वरकों का प्रयोग भी किया जा सकता है।
- रबी मक्काः रबी मक्का की बुआई करें। खेत की तैयारी के दौरान कम्पोस्ट खाद 100 क्विंटल प्रति हेक्टेयर डालें। अनुशंसित उर्वरक मात्रा 150 किग्रा नाइट्रोजन, 75 किग्रा फॉस्फोरस एवं 50 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर है। बुआई के समय 60 किग्रा नाइट्रोजन तथा फॉस्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा आधार उर्वरक के रूप में डालें। शेष नाइट्रोजन में से 50 किग्रा पहली ऊपरिवेशन तथा 40 किग्रा धनवाल निकलने के समय डालें। इसके अतिरिक्त जिंक सल्फेट 25 किग्रा प्रति हेक्टेयर का प्रयोग करें। उत्तर बिहार के लिए अनुशंसित संकर किस्में *शक्तिमान–1* (सफेद), *शक्तिमान–2* (सफेद), *शक्तिमान–3* (पीला), *शक्तिमान–4* (पीला), *शक्तिमान–5* (पीला), *गंगा–11* (नारंगी–पीला), राजेन्द्र *शंकर मक्का–1*, *राजेन्द्र शंकर मक्का–2*, *राजेन्द्र शंकर मक्का–4* एवं *राजेन्द्र शंकर मक्का दीपज्वाला* हैं। अनुशंसित संकुल किस्मों में *देवकी* (सफेद), *लक्ष्मी* (सफेद) एवं *सुवान* (पीला) शामिल हैं। बीज दर 20 किग्रा प्रति हेक्टेयर रखें तथा 60×20 सेमी की दूरी रखें। बीज को 4–5 सेमी की गहराई पर बोएं तथा बुआई से पहले थिरम दवा से 2.5 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से उपचारित करें।
- सूरजमुखीः सूरजमुखी की बुआई पूरी कर लें। अनुशंसित कम्पोजिट किस्में *मोर्डेन, पराडेविक* एवं *डी.आर.एस.एफ.–108* तथा संकर किस्में के. *बी.एस.एच.–1*, *एम.एस.एफ.एच.–1*, *एम.एस.एफ.एच.–8*, *एम.एस.एफ.एच.–17 एवं के.बी.एस.एच.–44* हैं। कम्पोजिट किस्मों के लिए 8 किग्रा तथा संकर किस्मों के लिए 5 किग्रा बीज प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। बुआई से पहले बीजों को 16 घंटे पानी में भिगोकर 5–6 घंटे छाया में सुखाएं तथा थिरम या कैप्टान दवा से 2 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से उपचारित करें। कम्पोजिट किस्मों के लिए 45×20 सेमी तथा संकर किस्मों के लिए 60×30 सेमी की दूरी रखें। कम्पोजिट किस्मों के लिए बुआई के समय 30 किग्रा नाइट्रोजन, 80 किग्रा फॉस्फोरस एवं 40 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर तथा बाद में 15 किग्रा नाइट्रोजन प्रति हेक्टेयर ऊपरिवेशन करें। संकर किस्मों के लिए बुआई के समय 40 किग्रा नाइट्रोजन, 90 किग्रा फॉस्फोरस एवं 40 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर तथा बाद में 20 किग्रा नाइट्रोजन प्रति हेक्टेयर ऊपरिवेशन करें। इसके साथ मिट्टी में 30–40 किग्रा सल्फर प्रति हेक्टेयर मिलाएं।
- सब्जी मटरः मध्यम एवं देर से पकने वाली मटर की किस्मों, जैसे *काशी शक्ति, बोनविले, पंत उपहार, जवाहर मटर–1* एवं *जवाहर मटर–2* की बुआई इस सप्ताह पूरी कर लें। बीज दर 80–100 किग्रा प्रति हेक्टेयर रखें तथा 30×10 सेमी की दूरी बनाए रखें। अच्छी वृद्धि एवं संतोषजनक उपज के लिए कम्पोस्ट खाद 150–200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर के साथ 50 किग्रा नाइट्रोजन, 60 किग्रा फॉस्फोरस एवं 60 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर का प्रयोग करें।
- धनियाः धनिया की बुआई करें। अनुशंसित किस्में राजेन्द्र स्वाति, पंत हरितिमा, कुमारगंज सिलेक्शन, राजेन्द्र धनिया–1, राजेन्द्र धनिया–2 एवं हिसार आनंद हैं। पंक्ति में बुआई के लिए 18–20 किग्रा तथा छिड़काव विधि से बुआई के लिए 25 किग्रा बीज प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। पंक्ति में बुआई के दौरान 30×20 सेमी की दूरी रखें। बुआई से पहले खेत में गोबर की खाद 10–15 टन तथा 30 किग्रा नाइट्रोजन, 40 किग्रा फॉस्फोरस एवं 30 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर मिलाएं। बीजों को कार्बेन्डाजिम दवा से 2.5 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से उपचारित करें। बुआई से पहले दोनों हथेलियों के बीच बीजों को हल्के हाथों से रगड़कर दो भागों में विभाजित कर लें, इससे अंकुरण एवं पौध स्थापना बेहतर होती है।

आज का अधिकतम तापमानः 30.5 डिग्री सेल्सियस, जो सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस अधिक	आज का न्यूनतम तापमानः 16.6 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस कम

(डॉ0 ए. सत्तार)
वरीय वैज्ञानिक सह नोडल पदाधिकारी